**SET-3**

**Series HRK**

कोड नं.
**Code No. 4/3**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 18 प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# संकलित परीक्षा – II

## SUMMATIVE ASSESSMENT – II

# हिन्दी

# HINDI

## (पाठ्यक्रम ब)

## (Course B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 90*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 90*

***निर्देश :*** *(i)* *इस प्रश्न-पत्र के* ***चार*** *खण्ड हैं – क, ख, ग और घ ।*

*(ii)* *चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना* ***अनिवार्य*** *है ।*

*(iii)* *यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।*

## खण्ड क

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *2×6=12*

प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती । इसके आगे सारी समस्याएँ बौनी हैं । लेकिन समस्या एक प्रतिभा को ख़ुद दूसरी प्रतिभा से होती है । बहुमुखी प्रतिभा का होना, अपने भीतर एक प्रतिभा के बजाय दूसरी प्रतिभा को खड़ा करना है । इससे हमारा नुकसान होता है । कितना और कैसे ?

मन की दुनिया की एक विशेषज्ञ कहती हैं कि बहुमुखी होना आसान है, बजाय एक ख़ास विषय के विशेषज्ञ होने की तुलना में । बहुमुखी लोग स्पर्द्धा से घबराते हैं । कई विषयों पर उनकी पकड़ इसलिए होती है कि वे एक में स्पर्द्धा होने पर दूसरे की ओर भागते हैं । वे आलोचना से भी डरते हैं और अपने काम में तारीफ़ ही तारीफ़ सुनना चाहते हैं । बहुमुखी लोगों में सबसे महान् माने जाने वाले माइकल एंजेलो से लेकर अपने यहाँ रवींद्रनाथ टैगोर जैसे कई लोग । लेकिन आज ऐसे लोगों की पूछ-परख कम होती है । ऐसे लोग प्रतिभाशाली आज भी माने जाते हैं, लेकिन असफल होने की आशंका उनके लिए अधिक होती है । आज वे लोग 'विंची सिंड्रोम' से पीड़ित माने जाते हैं, जिनकी पकड़ दो-तीन या इससे ज़्यादा क्षेत्रों में हो, लेकिन हर क्षेत्र में उनसे बेहतर उम्मीदवार मौजूद हों ।

बहुमुखी प्रतिभा वाले लोगों के भीतर कई कामों को साकार करने की इच्छा बहुत तीव्र होती है । उनकी उत्सुकता उन्हें एक से दूसरे क्षेत्र में हाथ आज़माने को बाध्य करती है । समस्या तब होती है, जब यह हाथ आज़माना दख़ल करने जैसा हो जाता है । वे न इधर के रह जाते हैं, और न उधर के । प्रबंधन की दुनिया में – 'एक के साधे सब सधे, सब साधे सब जाए' का मंत्र ही शुरू से प्रभावी है । यहाँ उस पर ज़्यादा फोकस नहीं किया जाता, जो सारे अंडे एक टोकरी में न रखने की बात करता है । हम दूसरे क्षेत्रों में हाथ आज़मा सकते हैं, पर एक क्षेत्र के महारथी होने में ब्रेकर की भूमिका न अदा करें ।

(क) बहुमुखी प्रतिभा क्या है ? प्रतिभा से समस्या कब, कैसे हो जाती है ?

(ख) बहुमुखी प्रतिभा वालों की किन कमियों की ओर संकेत है ?

(ग) बहुमुखी प्रतिभागियों की पकड़ किन क्षेत्रों में होती है और उनकी असफलता की संभावना क्यों है ?

(घ) ऐसे लोगों का स्वभाव कैसा होता है और वे प्राय: सफल क्यों नहीं हो पाते ?

(ङ) प्रबंधन के क्षेत्र में कैसे लोगों की आवश्यकता होती है ? क्यों ?

(च) आशय स्पष्ट कीजिए :

“प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती ।”

**2.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *2×4=8*

भारतमाता
ग्राम-वासिनी !
खेतों में फैला है श्यामल
धूल भरा मैला-सा अंचल
गंगा-यमुना में आँसू-जल
मिट्टी की प्रतिमा
उदासिनी !

दैन्य-जड़ित, अपलक नत चितवन,
अधरों में चिर नीरव रोदन,
युग-युग के तम से, विषण्ण मन,
वह अपने घर में
प्रवासिनी !

तीस कोटि सन्तान नग्न तन
अर्ध-क्षुधित, शोषित, निरस्त्र जन
मूढ़, असभ्य, अशिक्षित, निर्धन,
नत मस्तक; तरु-तल
निवासिनी !

(क) भारतमाता को ग्राम-वासिनी क्यों कहा गया है ?

(ख) काव्यांश में प्रवासिनी किसके लिए आया है और क्यों ?

(ग) भारतमाता की संतान के बारे में कवि ने क्या कहा है ?

(घ) काव्यांश का केंद्रीय भाव लिखिए ।

**खण्ड ख**

**3.** पद किसे कहते हैं ? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए । *1+1=2*

**4.** निर्देशानुसार वाक्य-रूपांतरण कीजिए : *1×3=3*

(क) कर्म करने वाले को फल की इच्छा नहीं करनी चाहिए । (मिश्र वाक्य में)

(ख) जो विद्वान् और सत्यवादी हैं उनका सर्वत्र सम्मान होता है । (सरल वाक्य में)

(ग) आकाश में बादल छाते ही घनघोर वर्षा होने लगी । (संयुक्त वाक्य में)

**5.** (क) निम्नलिखित शब्दों का समास-विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए : *1+1=2*

(i) महाजन

(ii) जलप्रदूषण

(ख) निम्नलिखित शब्दों को समस्त-पद बनाकर समास का नाम लिखिए : *1+1=2*

(i) नीला है जो गगन

(ii) आस और पास

**6.** निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए : *1×4=4*

(क) यहाँ पर कल एक लड़का और लड़की बैठी थी ।

(ख) मुझे केवल मात्र अपना अधिकार चाहिए ।

(ग) इस विद्यालय का परीक्षा परिणाम अच्छी है ।

(घ) मास्टर जी ने उसकी बड़ी प्रशंसा करी ।

**7.** निम्नलिखित मुहावरों का प्रयोग इस प्रकार कीजिए कि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए : *1+1=2*

बाट जोहना, सुध-बुध खोना

## खण्ड ग

**8.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *2+2+1=5*

असल में दोनों काल मिथ्या हैं । एक चला गया है, दूसरा आया नहीं है । हमारे सामने जो वर्तमान क्षण है, वही सत्य है । उसी में जीना चाहिए । चाय पीते-पीते उस दिन मेरे दिमाग़ से भूत और भविष्य दोनों काल उड़ गए थे । केवल वर्तमान क्षण सामने था । और वह अनंत काल जितना विस्तृत था ।

(क) गद्यांश में किन दो कालों के बारे में बात की गई है और उनकी क्या विशेषता है ?

(ख) लेखक ने किस काल को सत्य माना है और क्यों ?

(ग) गद्यांश से लेखक क्या समझाना चाहता है ?

**9.** जापान में मानसिक रोग के क्या कारण बताए गए हैं ? उससे होने वाले प्रभाव का उल्लेख करते हुए लिखिए कि इसमें 'टी सेरेमनी' की क्या उपयोगिता है । *5*

**10.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *2+2+1=5*

(क) शेख अयाज़ के पिता भोजन छोड़कर क्यों उठ खड़े हुए ? 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर लिखिए ।

(ख) शुद्ध आदर्श की तुलना सोने से और व्यावहारिकता की तुलना ताँबे से क्यों की गई है ? 'पतझर में टूटी पत्तियाँ' पाठ के आधार पर लिखिए ।

(ग) 'कारतूस' पाठ में सआदत अली को किस प्रकार का व्यक्ति बताया गया है ?

**11.** (क) सच्चे मन में 'ईश्वर बसते हैं' इस भाव के संदर्भ में बिहारी के दोहे का भाव स्पष्ट कीजिए । *2*

(ख) 'मनुष्यता' कविता में कवि ने सबको एक होकर चलने की प्रेरणा क्यों दी है ? *2*

(ग) 'आत्मत्राण' कविता में कोई सहायक न मिलने पर कवि की क्या प्रार्थना है ? *1*

**12.** 'कर चले हम फ़िदा' – कविता की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का उल्लेख करते हुए उसका प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए । *5*

**13.** पढ़ाई में तेज़ होने पर भी कक्षा में दो बार फेल हो जाने पर टोपी के साथ घर पर या विद्यालय में जो व्यवहार हुआ उस पर मानवीय-मूल्यों की दृष्टि से टिप्पणी कीजिए । *5*

## खण्ड घ

**14.** निम्नलिखित विषयों में से किसी ***एक*** पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : *5*

(क) पुस्तकें पढ़ने की आदत

- पढ़ने की घटती प्रवृत्ति
- कारण और हानि
- पढ़ने की आदत से लाभ

(ख) कम्प्यूटर हमारा मित्र

- क्या है
- विद्यार्थियों के लिए उपयोग
- सुझाव

(ग) स्वास्थ्य की रक्षा

- आवश्यकता
- पोषक भोजन
- लाभकारी सुझाव

**15.** विद्यालय में छुट्टी के दिनों में भी प्रात:काल में योग की अभ्यास कक्षाएँ चलने की सूचना देते हुए इच्छुक विद्यार्थियों द्वारा अपना नाम देने हेतु सूचना-पट्ट के लिए एक सूचना लगभग 30 शब्दों में लिखिए । *5*

**16.** विद्यालय के गेट पर मध्यावकाश के समय ठेले और रेहड़ी वालों द्वारा जंक फूड बेचे जाने की शिकायत करते हुए प्रधानाचार्य को पत्र लिखकर उन्हें रोकने का अनुरोध कीजिए । *5*

**17.** ओलंपिक खेलों में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन के बारे में अपने मित्र से हुए संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए । *5*

**18.** विद्यालय के 'रंगायन' द्वारा प्रस्तुत नाटक के बारे में नाम, पात्र, दिन, समय, टिकट-दर आदि की सूचना देते हुए एक विज्ञापन का आलेख लगभग 25 शब्दों में लिखिए । *5*

अंक–योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/1, 4/2, 4/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | **खंड - 'क'** | |
| 1 | 1 | 2 | 1 | | |
| | (क) | (क) | (क) | • एक से अधिक प्रतिभाएँ एक साथ होना<br>• कई कामों को एक साथ करने की इच्छा होने पर | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | • स्पर्द्धा से घबराहट<br>• आलोचना से भय<br>• प्रशंसा की चाहत<br>(किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | • विविध क्षेत्रों में पकड़ (कई क्षेत्रों में)<br>• किसी क्षेत्र का विशेषज्ञ न होना /<br>हर क्षेत्र में उनसे बेहतर उम्मीदवार मौजूद होना | 1+1=2 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | • एक साथ कई कामों में हाथ आज़माना<br>• अपने क्षेत्र के किसी भी कार्य को पूर्ण न कर पाना | 1+1=2 |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | • विषय–विशेषज्ञ / लक्ष्य–केंद्रित व्यक्ति की आवश्यकता<br>• विशेषज्ञ अपनी भूमिका निर्वहन में पूर्णतः सक्षम | 1+1=2 |
| | (च) | (च) | (च) | • प्रतिभा को किसी के सहारे की आवश्यकता नहीं होती।<br>• प्रतिभा को न किसी की आलोचना से भय होता है और न प्रशंसा की चाहत होती है।<br>(अन्य उपयुक्त उत्तर भी स्वीकार्य) | 1+1=2<br>**12** |

अंक-योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/1, 4/2, 4/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 2 | 2 (क) | 1 (क) | 2 (क) | • भारत की अधिकांश जनता का गाँवों में वास है।<br>• भारत कृषि प्रधान देश है। | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | • भारत-माता को<br>• अपने ही देश में खुद की पहचान और अधिकार खो देना | 1+1=2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | • अधिकांश भारतीय वस्त्र-भोजन आदि की समस्याओं से ग्रस्त हैं।<br>• अशिक्षित, असभ्य, निर्धन, मूढ़, पराधीन और उदास हैं।<br>(अन्य उपयुक्त उत्तर भी स्वीकार्य) | 1+1=2 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | • पराधीन भारत की दयनीय स्थिति का चित्रण<br>• ग्रामीण जीवन के ज्वलंत यथार्थ को उभारना | 1+1=<u>2</u><br>**<u>8</u>** |
| | | | | **खंड-'ख'** | |
| 3 | 3 | – | – | • ध्वनियों की स्वतंत्र, सार्थक इकाई शब्द कहलाती है। जैसे - लड़का<br>जब शब्द व्याकरणिक नियमों में बँधकर वाक्य में प्रयुक्त होता है तब वह पद बन जाता है।<br>जैसे – <u>लड़का</u> फल खाता है। – पद | 1+1=<u>2</u><br>**<u>2</u>** |

अंक–योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/1, 4/2, 4/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | 3 | – | ध्वनियों की स्वतंत्र, सार्थक इकाई शब्द कहलाती है।<br>जैसे – कमल | 1+1=2<br>**2** |
| | – | – | 3 | जब शब्द व्याकरणिक नियमों में बँधकर वाक्य में प्रयुक्त होता है तब वह पद बन जाता है।<br>जैसे – मोहन पाठशाला गया। – पद | 1+1=2<br>**2** |
| 4 | 4 | – | – | | |
| | (क) | – | – | वह बगल के कमरे से कुछ बरतन ले आया और उन्हें तौलिये से साफ़ किया। | 1 |
| | (ख) | – | – | यदि लिखकर अभ्यास करें तो कुछ भूल नहीं सकते /<br>जब लिखकर अभ्यास करते हैं तब कुछ भूल नहीं सकते। | 1 |
| | (ग) | – | – | सीमा पर लड़ने वाले सैनिक जान हथेली पर लिए रहते हैं। | 1<br>**3** |
| | – | 4 | – | | |
| | – | (क) | – | वह रोज़ व्यायाम करने से / के कारण स्वस्थ रहता है। | 1 |
| | – | (ख) | – | जो व्यक्ति परिश्रमी है / होता है वह कभी खाली नहीं बैठता। | 1 |
| | – | (ग) | – | श्याम आज्ञाकारी है और / इसलिए माता–पिता की सेवा करता है। | 1<br>**3** |

अंक–योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/1, 4/2, 4/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | – | 4 | | |
| | – | – | (क) | जो कर्म करता है उसे फल की इच्छा नहीं करनी चाहिए। | 1 |
| | – | – | (ख) | विद्वान और सत्यवादी का सर्वत्र सम्मान होता है। | 1 |
| | – | – | (ग) | आकाश में बादल छाए और घनघोर वर्षा होने लगी। | 1<br>**3** |
| 5 | 5 | – | – | | |
| | (क) | – | – | | |
| | (i) | | | चंद्र जैसा मुख / चंद्र के समान मुख – कर्मधारय समास | ½ +½ =1 |
| | (ii) | | | पुष्पों की माला – तत्पुरुष समास | ½ +½ =1 |
| | (ख) | – | – | | |
| | (i) | | | पनचक्की – तत्पुरुष समास | ½ +½ =1 |
| | (ii) | | | महापुरुष – कर्मधारय समास | ½ +½ =1<br>**4** |
| | | 5 | | | |
| | – | (क) | – | | |
| | | (i) | | तीसरी है जो कसम – कर्मधारय समास | ½ +½ =1 |
| | | (ii) | | दिन और रात – द्वंद्व समास | ½ +½ =1 |
| | – | (ख) | – | | |
| | | (i) | | चंद्रमुख – कर्मधारय समास | ½ +½ =1 |
| | | (ii) | | तिराहा – द्विगु समास | ½ +½ =1<br>**4** |

अंक-योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/1, 4/2, 4/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | 5 | | |
| | – | – | (क) | | |
| | – | – | (i) | महान है जो जन – कर्मधारय समास | ½ +½ =1 |
| | | | (ii) | जल का प्रदूषण – तत्पुरुष समास | ½ +½ =1 |
| | – | – | (ख) | | |
| | | | (i) | नीलगगन – कर्मधारय समास | ½ +½ =1 |
| | | | (ii) | आस-पास – द्वंद्व समास | ½ +½ =1 |
| | | | | | **4** |
| 6 | 6 | – | – | | |
| | (क) | – | – | देश बलिदानियों का सदा आभारी रहेगा। | 1 |
| | (ख) | – | – | ये पुस्तकें मुझे नहीं चाहिए। | 1 |
| | (ग) | – | – | मैंने तो पहले ही कहा था कि ऐसा मत करो। | 1 |
| | (घ) | – | – | क्या आप उसकी बात समझ लेते हैं? | 1 |
| | | | | | **4** |
| | – | 6 | – | | |
| | – | (क) | – | आपने उससे क्या कहा है? | 1 |
| | – | (ख) | – | हमारे घर में उसकी बात / बातें होती रहती है / हैं। | 1 |
| | – | (ग) | – | इस गलती की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए / यह गलती दुबारा नहीं होनी चाहिए। | 1 |
| | – | (घ) | – | बच्चे बहुत शोर कर रहे हैं। | 1 |
| | | | | | **4** |

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. 1 | 2 | 3 | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | – | – | 6 | | |
| | – | – | (क) | यहाँ पर कल एक लड़का और लड़की बैठे थे। | 1 |
| | – | – | (ख) | मुझे केवल / मात्र अपना अधिकार चाहिए / मुझे अपना अधिकार मात्र चाहिए। | 1 |
| | – | – | (ग) | इस विद्यालय का परीक्षा परिणाम अच्छा है। | 1 |
| | – | – | (घ) | मास्टर जी ने उसकी बड़ी / बहुत प्रशंसा की। | 1<br>**4** |
| 7 | 7 | 7 | 7 | अर्थ स्पष्ट करने वाले वाक्यों पर अंक दिए जाएँ। | 1+1=**2** |
| | | | | **खंड–'ग'** | |
| 8 | 8 | 9 | 10 | | |
| | (क) | (क) | (क) | • अपने बाजू पर रेंगते हुए काले चींटे को वापस उसके घर (कुएँ पर) छोड़ने के लिए उठ खड़े हुए।<br>• जीवों के प्रति प्रेम व दया की भावना | 2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | • शुद्ध आदर्श सोने के समान खरे, मूल्यवान और लचीले होते हैं।<br>• व्यावहारिकता ताँबे के समान चमकदार और मज़बूत होती है। | 1+1=2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | • ऐशपसंद, अंग्रेज़ों का मित्र, मौकापरस्त, देशद्रोही<br>(किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित) | ½ +½ =1<br>**5** |

अंक-योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/1, 4/2, 4/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 9 | 9 | 8 | 9 | कारण –<br>• आर्थिक प्रगति के लिए अमेरिका से प्रतिस्पर्धा<br>• एक महीने का काम एक दिन में करने का दबाव | 1+1=2 |
| | | | | प्रभाव –<br>• जीवन की रफ़्तार अत्यधिक बढ़ना<br>• मानसिक रोग<br>• तनाव भरी ज़िंदगी<br>(किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | | | | 'टी सेरेमनी' की उपयोगिता –<br>• तनाव से मुक्ति, दिमाग को शांत करना<br>• समय के प्रति एक नए दृष्टिकोण का विकास | 1<br>**5** |
| 10 | 10 (क) | 10 (क) | 8 (क) | • भूतकाल एवं भविष्यकाल<br>• दोनों मिथ्या हैं। | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | • वर्तमान काल को<br>• केवल वर्तमान क्षण सामने होता है। | 1+1=2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | • तनाव रहित जीवन जीने के लिए वर्तमान काल में ही जीना चाहिए। | 1<br>**5** |

अंक–योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/1, 4/2, 4/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 11 | 11 (क) | – | – | • (विद्यार्थी ग्रीष्म ऋतु की तुलना जिससे भी करें, वह स्वीकार्य)<br>• परस्पर वैरभाव वाले प्राणी एक साथ रहने के लिए विवश | 1+1=2 |
| | – | 11 (क) | – | • मन का भ्रमित होना<br>• ईश्वर निरंतर साधना, लगन और सच्चे मन की भक्ति से प्रसन्न होता है। | 1+1=2 |
| | – | – | 11 (क) | • माला जपना, तिलक लगाना बाह्य आडंबर / दिखावा है। इससे ईश्वर प्राप्त नहीं होता।<br>• ईश्वर सच्चे मन, सच्ची श्रद्धा तथा निष्ठा और लगन से प्राप्त होता है। | 2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | • परस्पर मेलजोल के लिए और भिन्नता की भावना की समाप्ति के लिए<br>• परस्पर मेलजोल से सभी कामों के सिद्ध होने की संभावना के कारण<br>• संगठन / एकता से ही विकास संभव<br>(किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | • आत्मविश्वास और पराक्रम बना रहे।<br>• हानि होने पर भी दुख सहने की क्षमता बनी रहे। | ½ +½ =1<br>**5** |

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 12 | 12 | 12 | 12 | • यह गीत 1962 में हुए भारत और चीन के युद्ध की पृष्ठभूमि पर लिखा गया है। | 2 |
| | | | | प्रतिपाद्य –<br>• सैनिकों के बलिदान और पवित्रता की गौरव गाथा, देश को पराजित न होने देने का संकल्प<br>• देश की सुरक्षा का दायित्व नई पीढ़ी को सौंपना<br>• प्राण त्यागकर भी सीता रूपी धरती के गौरव की रक्षा<br>(अन्य उपयुक्त उत्तर भी स्वीकार्य) | 3<br>**5** |
| 13 | 13 | 13 | 13 | (विद्यार्थियों के उपयुक्त उत्तर स्वीकार्य) | **5** |
| | | | | **खंड – 'घ'** | |
| 14 | 14 | 17 | 14 | अनुच्छेद-लेखन<br>• विचारों की मौलिकता<br>• प्रस्तुति<br>• विषयानुकूल भाषा | <br>2<br>2<br>1<br>**5** |
| 15 | 15 | 15 | 16 | पत्र-लेखन<br>• प्रारूप<br>• विषयवस्तु<br>• विषयानुकूल भाषा | <br>1<br>3<br>1<br>**5** |

अंक–योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/1, 4/2, 4/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 16 | 16 | 14 | 15 | सूचना–लेखन | |
| | | | | • प्रारूप एवं प्रस्तुति | 2 |
| | | | | • विचारों की मौलिकता | 2 |
| | | | | • विषयानुकूल भाषा | 1 |
| | | | | | **5** |
| 17 | 17 | 16 | 17 | संवाद–लेखन | |
| | | | | • प्रस्तुति | 2 |
| | | | | • विचारों की मौलिकता | 2 |
| | | | | • विषयानुकूल भाषा | 1 |
| | | | | | **5** |
| 18 | 18 | 18 | 18 | विज्ञापन–लेखन | |
| | | | | • प्रस्तुति | 2 |
| | | | | • विचारों की मौलिकता | 2 |
| | | | | • विषयानुकूल भाषा | 1 |
| | | | | | **5** |